# जनपद बाराबंकी

**दिनांक- 21.05.2025**

क्विक सपोर्ट ऐप के माध्यम से मोबाइल को हैक कर साइबर फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संपूर्ण धनराशि 3,00,000/- रूपये को आवेदक के खाते में वापस कराया गया-

साइबर सेल जनपद बाराबंकी को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से प्राप्त जिसमें आवेदक विश्वंभर सिंह पुत्र छेदनलाल निवासी कुरौली थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी ने क्विक सपोर्ट ऐप के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल हैक कर यूपीआई से रूपये ट्रांसफर किए जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया।

संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल/थाना द्वारा तत्काल बैंक/मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर सम्पूर्ण धनराशि 3,00,000/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

**पुलिस टीम**

1. निरीक्षक श्री संजीव कुमार यादव प्रभारी साइबर थाना जनपद बाराबंकी ।
2. निरीक्षक श्री विनय प्रकाश राय प्रभारी साइबर सेल जनपद बाराबंकी ।
3. उ0नि0 श्री इफलाक अहमद खान साइबर सेल।
4. मुख्य आरक्षी नीरज यादव साइबर थाना।
5. आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया साइबर सेल।
6. आरक्षी पंकज सिंह साइबर थाना बाराबंकी।